# संकल्प एक प्रयास

# स्वास्थ्य मेला













# संकल्प एक प्रयास

## ....स्वास्थ्य मेला....

**संकल्प एक प्रयास द्वारा .. "एक अनोखी पहल "** संकल्प एक प्रयास के द्वारा सारडा एनर्जी एंड मिनरल लिमेटेड के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन एक स्वास्थ्य मेला के रूप किया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय एवं किशोर - किशोरियों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है |

## संकल्प एक प्रयास का परिचय:-

संकल्प एक प्रयास संस्था छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला में वर्ष 2008 मे एक गैर सरकारी संस्था के रूप में आरंभ हुआ | जो वर्तमान मे दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद , धमतरी और बेमेतरा जिलो के विभिन्न ग्रामो एवं नगर पंचायतो में बच्चो के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा , स्वास्थ्य व उनके सर्वांगीण विकास हेतु बालिका एव महिला सशक्तिकरण पर कार्य करता है |



# संकल्प एक प्रयास

## सपनो को सशक्त बनाना , भविष्य का निर्माण करना

## उद्देश्य

- गुणवत्तापूर्वक शिक्षा तक पहुँच प्रदान करना |
- पर्याप्त बुनयादी स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करना |
- ऐसा वातावरण प्रदान करना जो सुरक्षित और सहायक हो |
- समुदाय को सशक्त बनाना |





## विजन

“ बच्चो को भविष्य के लिए तैयार करना :समुदाय के भीतर बच्चो के समग्र विकास सुनिशिचित करने के लिए आनन्दमय बचपन और शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना “|



## सिध्दांत

- समावेशिता
- उत्कृष्टता
- करुणा
- सामुदायिक भागीदारी
- विश्वनीयता
- सशक्तिकरण

# संकल्प एक प्रयास

## संकल्प एक प्रयास का मुख्य प्रोजेक्ट “कर्तव्य प्रोजेक्ट ” है ,जो तीन भागो में संचालित होता है - सीख ,सृजन , और गरिमा

### सीख

सीख  प्रोजेक्ट के अंतर्गत कक्षा पहली से पाचवीं तक के बच्चो निशुल्क शिक्षा( गतिविधियों के माध्यम से ) व उनके सर्वांगीण विकास पर कार्य करते है |

### सृजन

सृजन  प्रोजेक्ट के माध्यम से कक्षा छटवी से कक्षा दसवी तक के बच्चो को अंग्रेजी ,गणित ,विज्ञान की शिक्षा देते है , ताकि बच्चो के मन से इन विषयों में पारंगत किया जा सके |

### गरिमा

गरिमा प्रोजेक्ट  के अंतर्गत किशोरों में व समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता व सशक्तिकरण लाने का प्रयास  किया जाता है  |








# संकल्प एक प्रयास

## गरिमा परियोजना

- संकल्प एक प्रयास द्वारा चलाए जा रहे गरिमा परियोजना का मुख्य उद्देश्य समुदाय व किशोरो को सशक्त बनाना है |
- यह कार्यक्रम विभिन्न संवेदनशील मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है| जैसे की -शिक्षा , स्वास्थ्य और जागरूकता व सामाजिक मुद्दों पर कार्यशाला का आयोजन करना |
- किशोरी युवाओ एवं महिलाओ में सशक्तिकरण लाना | इस परियोजना के माध्यम से ग्रामीण समुदाय व किशोर एवं किशोरियों को उनकी जरूरत और आवश्यकता के अनुसार जानकारी प्रदान की जाती है|
- जिससे वे समाज मे अपनी सक्रिय भूमिका निभा सके।






## स्वास्थ्य मेला क्यों

1. जरूरतमंद किशोरों व समुदाय तक चिकित्सकों का पहुँच सुनिश्चित करना |
2. स्वास्थ्य मेला में किशोरों व समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना |
3 . स्वास्थ्य से संबंधित गलत अवधारणाओ की जानकारी से अवगत करवाना |
4 .पोषण व माहवारी स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की जानकारी देना |
5 . चिकित्सको और किशोरावस्था के बीच के दुरी को कम करने का प्रयास एवं किशोरावस्था स्वास्थ्य सबंधी समस्याए को बेझिझक बताने हेतु किशोरों को प्रेरित करना |

# संकल्प एक प्रयास

## कार्यवाही


संकल्प एक प्रयास किशोर स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में किशोर किशोरियों तक पहुंचता है ।

जिला स्वास्थ्य विभागों के सहयोग से नियुक्त डॉक्टरों, सहायक कर्मचारियों की टीम और संकल्प एक प्रयास (www. Sankalp ek prayas org.)की प्रशिक्षित टीम स्कूल कार्यक्रम में  किशोरियों को बुनयादी स्वास्थ्य देखभाल सहायता सुनिश्चित करती है ।

संकल्प एक प्रयास ने गांव में गरिमा दीदियों की एक संस्थागत प्रणाली विकसित की है, जिन्हें गांवों में किशोरियों की समग्र देखभाल से संबंधित क्षेत्रों में जागरुकता और सहायता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है ।



BMO  व CMHO के स्वास्थ्य मेला आयोजन हेतु चर्चा व अनुमति पत्र



प्रति,

1. डॉ. कुसुम चन्द्रा – ए.एम.ओ.
2. डॉ. आयुष वतन् शर्मा – ए.एम.ओ.
एवं समस्त कर्मचारी चिरायु टीम 'ए'
सामु. स्वा. केन्द्र घुमका
3. श्री जैनेन्द्र कुमार साहू – आर.एच.ओ.
4. श्रीमती योगिता साहू – ए.एन.एम.–
5. श्रीमती लिखिता पाण्डे – सी.एच.ओ.
आयुष्मान आरोग्य मंदिर सांकरा
वि.ख./जिला – राजनांदगाँव (छ.ग.)

विषय :– स्वास्थ्य शिविर में ड्यूटी बाबत्।
सन्दर्भ :– संकल्प एक प्रयास सोसायटी का पत्र दिनांक 12–12–2024 के संबंध में।

——00——


उपरोक्त सन्दर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि, संकल्प एक प्रयास संस्था उतई जिला दुर्ग के तत्वाधान में शा0 प्राथ0 शाला/माध्यमिक शाला एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कुल सांकरा में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें स्कुली बच्चों का एनीमिया, सिकलसेल, हिमोग्लोबिन जॉच कर उपचार किया जाना है।

तत्संबंध में स्कुली बच्चों का उपरोक्तानुसार स्वास्थ्य जॉच एवं उपचार हेतु दिनांक 03–01–2025 को प्रातः 10 बजे से आप सभी की ड्यूटी शा0 प्राथ/माध्यमिक/हाई स्कुल सांकरा में लगाई जाती है। आप सभी आवश्यक दवाईयॉ एवं जॉच उपकरण के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित रहेगें।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका
जिला – राजनांदगॉव (छ0ग0)

पृ. प. क्र0/स्थापना/2025/ Q-2 घुमका, दिनांकः 02/01/2025
प्रतिलिपि:–

1. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला – राजनांदगॉव (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
2. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, वि.ख. राजनांदगॉव छ.ग. की ओर सूचनार्थ।
3. प्राचार्य, शा0 हायर सेकण्डेरी स्कुल सांकरा वि.ख. राजनांदगॉव छ.ग. की ओर सूचनार्थ।
2. संस्था प्रभारी, सामु. स्वा. केन्द्र सोमनी, वि.ख. राजनांदगॉव छ.ग. की ओर सूचनार्थ।
3. विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, सामु. स्वा. केन्द्र घुमका, वि.ख. राजनांदगॉव छ.ग. की ओर सूचनार्थ।
2. परियोजना समन्वयक, संकल्प एक प्रयास सोसायटी, उतई, जिला दुर्ग (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।



संकल्प एक प्रयास संस्था उतई, जिला-दुर्ग, के तत्वाधान में माहवारी स्वास्थ्य स्वच्छता एवं लाईफ स्किल तथा पोषण संबंधित कार्यशाला का आयोजन दिनॉक 19.12.2024 को प्रातः 10.00 बजे से शासकीय माध्यमिक स्कूल कचान्दुर, विकासखण्ड गुण्डरदेही में आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं मुहैया कराये जाने हेतु निम्नांकित चिकित्सा अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी कार्यक्रम समाप्ति तक लगायी जाती है:-

| क्रमॉक | अधिकारी/कर्मचारी का नाम | पदनाम | पदनाम | मोबाईल नंबर |
|---|---|---|---|---|
| 01 | डॉ. वीणा चन्द्राकर | आयुष चिकित्सा अधिकारी | सामु०स्वा०केन्द्र गुण्डरदेही | 8718836667 |
| 02 | डॉ. कुंजबिहारी गजेन्द्र | आयुष चिकित्सा अधिकारी | सामु०स्वा०केन्द्र गुण्डरदेही | 8818898188 |
| 03 | श्रीमती नेमा साहू | मेडिकल लेब टेक्नोलाजिस्ट | सामु०स्वा०केन्द्र गुण्डरदेही | 7898478759 |
| 04 | श्री टेकेश्वर निषाद | फार्मासिसट | सामु०स्वा०केन्द्र गुण्डरदेही | |
| 05 | श्रीमती नेमा साहू | मेडिकल लेब टेक्नोलाजिस्ट | सामु०स्वा०केन्द्र गुण्डरदेही | 7898478759 |
| 06 | श्रीमती रुपेश्वरी मार्गे | एएनएम | सामु०स्वा०केन्द्र गुण्डरदेही | 9479174248 |
| 07 | श्रीमती एल.एम.बेलचंदन | ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक म० | उप स्वास्थ्य केन्द्र कचान्दुर | |
| 08 | कु. रोशनी साहू | सामु.स्वास्थ्य अधिकारी | उप स्वास्थ्य केन्द्र कचान्दुर | |

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
विकासखण्ड गुण्डरदेही
जिला-बालोद(छ.ग.)

पृष्ठा.क्रमॉक/स्था./2024/ 2578-81 गुण्डरदेही,दिनॉक 10.12.2024
प्रतिलिपि :-

01 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-बालोद(छ.ग.)की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
02 विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक ईकाई, वि.खं. गुण्डरदेही, जिला-बालोद की ओर सूचनार्थ।
03 प्राचार्य शासकीय माध्यमिक विद्यालय कचान्दुर, वि.खं. गुण्डरदेही की ओर सूचनार्थ।
04 सर्व संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी

# संकल्प एक प्रयास

**स्वास्थ्य शिविर का प्रथम चरण :-**

गरिमा परियोजना के कार्यशाला के समय हमने यह पाया की बच्चो को पोषण व स्वास्थ्य संबंधी बहुत समस्याओ का सामना करना पड़ता है , एवं बहुत से बच्चे ऐसे होते है जो चिकित्सक नहीं पहुच पाते है |

इन सब समस्याओ को देखते हुए हमने स्कुलो व स्वास्थ्य चिकित्सकों के साथ चर्चा कर उनके साथ समन्वय कर स्वास्थ्य मेला आयोजित करने का निर्णय लिया ,जिससे उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या का निवारण हो सके|

**स्वास्थ्य शिविर का द्वितीय चरण :-**

- स्वास्थ्य मेला के लिए प्रचार-प्रसार करना जिससे समुदाय व किशोरों को स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिल सके।
- अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य मेला मे शामिल हो सके |
- स्वास्थ्य मेला के आयोजन के लिए स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के साथ चर्चा कर समन्वय स्थापित करना ।
- स्वास्थ्य मेला के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करना , जैसे-मंच की व्यवस्था करना , बैठक व्यवस्था , जल आदि की व्यवस्था करना |

**भविष्य की रणनीति :-**

- स्वास्थ्य मेला से प्राप्त परिणामो का मुल्यांकन करना |
- अस्वस्थ एनीमिक बच्चो का समय -समय में उनकी स्वास्थ्य की जानकारी लेते रहना |
- एनीमिक बच्चो के साथ संतुलित आहार सम्न्धित गतिविधिया करना |
- किशोरों के साथ पोषण सम्बन्धी कार्यशाला का आयोजन करना |

# संकल्प एक प्रयास

## कार्यक्रम

### किशोर स्वास्थ्य देखभाल पर कार्यशालाएं।

स्कूलों में जिला स्वास्थ्य विभाग की टीमें की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा यह सुनिश्चित करना की लड़कियां डॉक्टरों तक पहुँच सके।

"बेधड़क बोलो" किशोरियों को माता -पिता, शिक्षकों और डाक्टरों के साथ मासिक धर्म से संबंधित मुद्दों पर बात करने के लिए प्रोत्साहित करना।

प्राथमिक स्वास्थ्य संकेतकों पर स्वास्थ्य जांच जरूरतमंद लड़कियों को दवा उपलब्ध करा रहे हैं। किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए खान-पान की आदतों पर सत्र।

निशुल्क गरिमा सेनेटरी कीट जिसमें सैनेटरी नैपकिन भी शामिल है। किशोरी स्वास्थ्य देखभाल पर निशुल्क पुस्तिका का वितरण।







**स्वास्थ मेला में लाभन्वित होने वाले बच्चो के डाटा कुछ प्रकार से है -**

**कुल पंजीयन -1310**

**एच बी जाँच -641**

**सिकल सेल -22**

**कुल एनीमिक बच्चे -127**

**पैड वितरण -460**

**बुकलेट वितरण -225**

# संकल्प एक प्रयास

## स्वास्थ्य मेला में शिवारार्थियो को प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ

- स्वास्थ्य मेला में शामिल होने वाले को सर्वप्रथम शिवारार्थियो टोकन नम्बर देकर , पंजीकृत किया जाता है ।
- इसके बाद पंजीकृत सदस्यों का उचाई और वजन नापना | बच्चो को पोषण सम्बन्धी व माहवारी स्वच्छता सम्बन्धी जानकारी देना ।



- चिकित्सको द्वारा एनीमिया , सिकल सेल , व एच.बी . की जाँच व माहवारी सम्बन्धी समस्या की जाँच किया जाता है ।

- किशोर बालक एवं बालिकाओ एवं समुदाय को पैड व बुकलेट वितरित किया जाता है |जिसमे बुकलेट इस प्रकार से है - “गरिमा सपनों की उड़ान” का बुकलेट जिसमे माहवारी स्वास्थ्य व स्वच्छता की जानकारी व “किशोरों का स्वास्थ्य” का भी बुकलेट जिसमे उनके स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी है ।





# संकल्प एक प्रयास

## बाधाये

- स्वास्थ्य मेला आयोजित करने हेतु जगह चयन हेतु समस्या |
- चिकित्सा विभाग से सहायता व अनुमति |
- अनुभवी चिकित्सको की कमी |
- स्थानीय समुदाय का सहयोग न मिलना |
- समुदाय तक सूचनाओ का नहीं पहुँच पाना |
- स्वास्थ्य को ले कर समाज मे व्याप्त रुढ़िवादी सोच |






## समाधान

- चिकित्सा अधिकारियो के साथ स्वास्थ चर्चा कर समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य मेला का आयोजन |
- लड़कियों को उनके घर के दरवाजे पर ही डॉक्टरों से जोड़ने से इस महत्वपूर्ण मुददे के समाधान में परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रयास करना।
- माहवारी स्वास्थ्य व स्वच्छता पोषण से संबंधित सामाजिक रुढ़िवादी सोच को कार्यशाला के माध्यम से दूर करना |

# संकल्प एक प्रयास

## स्वास्थ्य मेला का प्रभाव (किशोरों व समुदाय मे )

- जरूरतमंद किशोरों व समुदाय का निशुल्क जांच शिविर उपलब्ध होना |
- किशोरों को स्वास्थ्य सम्बन्धी चिकित्सकीय परामर्श लेने में आसानी|
- किशोरियों और समुदाय द्वारा माहावारी स्वास्थ्य समस्या सबंधी बेझिझक चर्चा करने में आसानी |
- पैड का निशुल्क वितरण | एनीमिक बच्चों को शिविर के पश्चात ट्रेकिंग प्रक्रिया द्वारा एनीमिया मुक्त करने का प्रयास |
- पोषण सम्बन्धी जानकारी समुदाय व किशोरों को प्राप्त होना |









SANKALP
Empowering Dreams, Building Futures

# संकल्प एक प्रयास

## सपनो को सशक्त बनाना , भविष्य का निर्माण करना




**सम्पर्क करे :-**

संकल्प एक प्रयास ऑफिस , विराट नगर उतई,,
दुर्ग, छत्तीसगढ़

www.sankalpekprayas.org